बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-289
27/08/2019

मुख्यमंत्री के समक्ष बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के बिल्डिंग स्ट्रक्चर डिजाइन से संबंधित प्रस्तुति

पटना 27 अगस्त 2019 :– आज मुख्य सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के बिल्डिंग स्ट्रक्चर डिजाइन से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस प्रस्तावित बिल्डिंग स्ट्रक्चर में प्रशासनिक भवन, एकेडमी ब्लॉक के अलावा स्पोर्ट्स स्टेडियम, गर्ल्स–ब्वायज हॉस्टल, सीनियर–जूनियर रेसिडेंस, 1200 सीटों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम एवं अन्य जरूरी चीजें भी होंगी। कैम्पस में ग्रीन बिल्डिंग फीचर्स का भी ध्यान रखा जायेगा।

प्रस्तुतीकरण के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तुतीकरण में स्ट्रक्चर के बारे में जो बताया गया है, वह अच्छा है। स्टेडियम भी बनाये जा रहे हैं। यह छात्रों के खेल–कूद के लिये जरूरी है। वरीय पदाधिकारीगण साइट का विजिट कर लें ताकि कुछ और सुझाव दिये जा सकें। विश्वविद्यालय के जरूरत के मुताबिक बढ़िया कैम्पस बने, यह हम सबकी इच्छा है लेकिन दस एकड़ का लॉन भी रहना चाहिये। रिसर्च लैब की व्यवस्था भी बेहतर होनी चाहिये।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, कृषि, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन श्री दीपक कुमार सिंह, सचिव पशु एवं मत्स्य संसाधन श्रीमती एन0 विजय लक्ष्मी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति श्री रामेश्वर सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

******